**No. of Printed Pages : 24** **BLII-012**

# CERTIFICATE IN LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE (CLIS)

## Term End Examination,

## June, 2026

### BLII-012 : DOCUMENT PROCESSING AND ORGANIZATION

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

---

### GENERAL INSTRUCTIONS

1. All questions are **compulsory**. Each question carries **1** mark.
2. No cell phones, calculators, books, slide-rules, notebooks or written notes, etc. will be allowed inside the examination hall.
3. You should follow the instructions given by the Centre Superintendent and by the Invigilator at the examination venue. If you violate the instructions, you will be disqualified.
4. Any candidate found copying or receiving or giving assistance in the examination will be disqualified.
5. The Question Paper and the OMR Response Sheet (Answer Sheet) would be supplied to you by the Invigilators. After the examination is over, you should hand over the OMR Response Sheet to the Invigilator before leaving the examination hall. Any candidate who does not return the OMR Response Sheet will be disqualified and the University may take further action against him/her.
6. All rough work is to be done on the question paper itself and not on any other paper. Scrap paper is not permitted. For arriving at answers you may work in the margins, make some markings or underline in the test booklet itself.
7. The University reserves the right to cancel the result of any candidate who impersonates or uses/adopts other malpractices or uses any unfair means. The University may also follow a procedure to verify the validity of scores of all examinees uniformly. If there is substantial indication that your performance is not genuine, the University may cancel your result.

## How to fill up the information on the OMR Response Sheet (Examination Answer Sheet)

1. Write your complete Enrolment No. in 9 digits. This should correspond to the enrolment number indicated by you on the OMR Response Sheet. Also write your correct name, address with pin code in the space provided. Put your signatures on the OMR Response Sheet with date. Ensure that the Invigilator in your examination hall also puts his signatures with date on the OMR Response Sheet at the space provided.

2. On the OMR Response Sheet student's particulars are to be filled in by blue/black ball pen also. Use blue/black ball pen for writing the Enrolment No. and Examination Centre Code as well as for blackening the circle bearing the correct answer number against the serial number of the question.

3. Do not make any stray remarks on this sheet.

4. Write correct information in numerical digits in Enrolment No. and Examination Centre Code Columns. The corresponding circle should be dark enough and should be filled in completely.

5. Each question is followed by four probable answers which are numbered (1), (2), (3) and (4). You should select and show only one answer to each question considered by you as the most appropriate or the correct answer. Select the most appropriate answer. Then by using blue/black ball pen, blacken the circle bearing the correct answer number against the serial number of the question. If you find that answer to any question is none of the four alternatives given under the question, you should darken the circle with '0'.

6. No credit will be given if more than one answer is given for one question. Therefore, you should select the most appropriate answer.

7. You should not spend too much time on one question. If you find any particular question difficult, leave it and go to the next. If you have time left after answering all the questions, you may go back to the unanswered question.

8. There is no negative marking for wrong answers.

1. ‘MARC 21’ was given by :

(1) IFLA (2) Library of Congress

(3) ALA (4) UNESCO

2. C. C. 7th Edition is ............... scheme of classification.

(1) Purely enumerative (2) Partially enumerative

(3) Rigidly faceted (4) Freely faceted analytico-synthetic

3. The full form of UDC is :

(1) United Decimal Classification (2) Undivided Decimal Classification

(3) Union Decimal Classification (4) Universal Decimal Classification

4. Where would you classify the ‘X-ray spectra’ using DDC 19th Edition ?

(1) Physics (2) Computer Science

(3) Library Science (4) Chemistry

5. Where would you classify the ‘Electronic Computer’ using DDC 19th Edition ?

(1) Engineering (2) Chemistry

(3) Physics (4) Botany

6. Classification is the process of bringing ............. in chaos.

(1) Motion (2) Energy

(3) Order (4) Disorder

7. Which of the following is not true about DDC ?

(A) It is an analytico-synthetic scheme of classification.

(B) It has been translated into Hindi.

(C) It has been published from India.

(D) It was designed by S. R. Ranganathan.

**Codes :**

(1) (A), (B) (2) (B), (C)

(3) (B), (D) (4) (A), (C)

8. Which of the following is true of a library catalogue ?

(A) It serves as an inventory of material in a library.

(B) It enables to identify a document from its details.

(C) It provides the location of a document in the library.

(D) Every user is provided a copy of the printed catalogue in all libraries.

**Codes :**

(1) (A), (B), (C) and (D) (2) (B), (C) and (D) only

(3) (A), (B) and (D) only (4) (A), (B) and (C) only

9. According to ISBD there are ............. areas for describing a document.

(1) Six (2) Seven

(3) Eight (4) Ten

10. Which of the following are examples of corporate authors ?

(A) More than one personal author

(B) Proceedings of conferences, seminars and symposia

(C) Society

(D) Institution

**Codes :**

(1) (A), (B) only
(2) (A), (B), (C)
(3) (B), (C), (D)
(4) (A), (C) only

11. The punctuation sign between title and subtitle is :

(1) Colon
(2) Comma
(3) Semicolon
(4) Slash

12. The cell number consists of three parts namely, Class number, Book number and .............. .

(1) Accession number
(2) Collection number
(3) Author
(4) Year

13. Colon Classification was first published in :

(1) 1933
(2) 1934
(3) 1939
(4) 1941

14. 'UDC' was given by :

(1) JD Brown
(2) Henry La Fontaine and Paul Otlet
(3) Fremont Rider
(4) H. E. Bliss

15. DDC is a/an ............. classification scheme.

(1) Faceted (2) Almost Faceted

(3) Enumerative (4) Almost Enumerative

16. Which of the following is an outer/physical form of a catalogue ?

(1) Author Catalogue (2) Title Catalogue

(3) Classified Catalogue (4) Card Catalogue

17. First level of description in AACR-2R provides ............... information about a document.

(1) Maximum (2) Minimum

(3) Average (4) Half

18. Which of the following entries are filed in the classified part of the classified catalogue ?

(A) Book index entry (B) Class index entry

(C) Main entry (D) Cross reference entry

**Codes :**

(1) (A), (B) (2) (B), (C)

(3) (C), (D) (4) (A), (D)

19. Arrange the following sections in order as found in the main entry of a dictionary catalogue :

(A) Call Number section (B) Tracing section

(C) Heading section (D) Note section

**Codes :**

(1) (A), (C), (D), (B) (2) (A), (B), (C), (D)

(3) (A), (D), (C), (B) (4) (A), (B), (D), (C)

20. Main entry of a conference proceeding is prepared under :

(1) Editor of the Conference (2) Name of the Conference

(3) Place of the Conference (4) Name of the Organiser

21. 'CCF' stands for :

(1) Common Circulation Format

(2) Committee for Communication Format

(3) Centre for Communication Format

(4) Common Communication Format

22. In an entry prepared according to AACR-2R, call number is placed at :

(1) Upper left corner of the card (2) Fifth line of the card

(3) Second line of the card (4) Back of the card

23. Which of the following schemes of classification was given in 1978 ?

(1) CC (2) BC

(3) EC (4) BSO

24. Dr. S. R. Ranganathan has recognized how many types of mnemonics ?

(1) Two (2) Three

(3) Four (4) Five

25. Which type of notation is used in UDC ?

(1) Mixed (2) Pure

(3) Rigid (4) Faceted

26. 'Expansive Classification' was designed in :

(1) 1902 (2) 1876

(3) 1879 (4) 1962

27. DDC 21st edition is in :

(1) 2 Volumes (2) 3 Volumes

(3) 4 Volumes (4) 5 Volumes

28. 'Bibliographic Classification' was devised by :

(1) H. E. Bliss (2) Fremont Rider

(3) J. D. Brown (4) Paul Otlet

29. From a purely aesthetic sense of arrangement which of the following characteristics would you choose to classify books in a library ?

(A) Author (B) Title

(C) Colour (D) Size

**Codes :**

(1) (A), (B) (2) (A), (C)

(3) (B), (D) (4) (C), (D)

30. Which of the following characteristics may be used to classify books on the subject 'History' in a library ?

(A) Country (B) Publisher

(C) Time period (D) Binding

**Codes :**

(1) (A), (B), (C) and (D) (2) (B), (C) and (D)

(3) (A), (C) (4) (B), (C)

31. Which of the following characteristics may be used to classify books on the subject 'Education', in a library ?

(A) Level of education (B) Curriculum

(C) Academic library (D) Form of book

**Codes :**

(1) (A), (B) (2) (B), (C)

(3) (B), (D) (4) (A), (D)

32. In Unit Card System :

(1) The description of a book in the main entry is repeated in added entries

(2) Only one card is prepared for a book

(3) Only one additional entry is prepared for a book

(4) Only one bibliographical element is given for a book

33. For a main entry, according to AACR-2R headings could be with :

(A) Author (B) Corporate body

(C) Series (D) Title

**Codes :**

(1) (A), (C) (2) (B), (D), (C)

(3) (A), (B), (C) (4) (A), (B), (D)

34. The term 'Information Retrieval' was coined by :

(1) Calvin Mooers (2) H. P. Luhn

(3) A. C. Foskett (4) D. A. Kemp

35. Classified catalogue is in ............ parts.

(1) Two (2) Three

(3) Four (4) Five

36. When was the first edition of CC given ?

(1) 1920 (2) 1924

(3) 1933 (4) 1934

37. 'Rules for a Dictionary Catalogue' first edition was published in :

(1) 1876 (2) 1877

(3) 1878 (4) 1879

38. 'Pre-natal cataloguing' is also known as :

(1) Selective Cataloguing (2) Descriptive Cataloguing

(3) Cataloguing-in-publication (4) Comparative Cataloguing

39. 'Canon of Recall Value' was devised by :

(1) C.A. Cutter (2) W.C.B. Sayers

(3) C. Bhattacharya (4) S. R. Ranganathan

40. The concept of 'Systematic Indexing' is devised :

(1) J. E. L. Farradane (2) E. J. Coats

(3) H. P. Luhn (4) J. Keiser

41. 'Roget's Thesaurus of English Words and Phrases' first edition was published in :

(1) 1852 (2) 1876

(3) 1880 (4) 1888

42. 'Library of Congress Subject Heading List' first edition was published in :

(1) 1876 (2) 1878

(3) 1898 (4) 1923

43. 'Sears List of Subject Headings' is published by :

(1) H. W. Wilson (2) O. C. L. C.

(3) R. R. Bowker (4) Minnie Earl Sears

44. In AACR-2R, ISBN is given :

(1) After Title (2) After Series Name

(3) After Notes Area (4) In Tracing Section

45. 'ISBDs' are prepared by :

(1) A. L. A. (2) IFLA

(3) L. A. (4) UNESCO

46. 'Anthony Panizzi's Famous 91 Rules' was published first time in :

(1) 1841 (2) 1842

(3) 1876 (4) 1877

47. 'Rules for a Dictionary Catalogue' was devised by :

(1) Anthony Panizzi (2) C. A. Cutter

(3) Derek Austin (4) Eugene Garfield

48. 'Class Index Entries' (CIEs) are prepared in :

(1) C. C. C. (2) AACR-2

(3) A. L. A. Code (4) MARC

49. Relative Index of DDC-23rd edition is in which volume ?

(1) Volume 1 (2) Volume 2

(3) Volume 3 (4) Volume 4

50. 'International Conference on Cataloguing Principles (Paris) was held in :

(1) 1950 (2) 1955

(3) 1961 (4) 1975

# BLII-012

# पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में सर्टिफिकेट (सी. एल. आई. एस.)

# सत्रांत परीक्षा,

# जून, 2026

## बी. एल. आई. आई.-012 : प्रलेख प्रक्रियाकरण एवं व्यवस्थापन

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

---

### सामान्य निर्देश

1. सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. परीक्षा कक्ष के अंदर सेलफोन, कैलकुलेटर्स, पुस्तकें, स्लाइड-रूल्स, नोटबुक्स या लिखित नोट्स, इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं है।
3. आपको परीक्षा स्थल पर केंद्र व्यवस्थापक व निरीक्षक के द्वारा दिए गये निर्देशों का अनुपालन करना होगा। ऐसा न करने पर आपको अयोग्य घोषित किया जाएगा।
4. कोई परीक्षार्थी नकल करते या कराते हुए पकड़ा जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
5. आपको निरीक्षक द्वारा प्रश्नपत्र तथा ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक प्रदान किया जाएगा। परीक्षा समाप्त हो जाने के पश्चात्, परीक्षा कक्ष छोड़ने से पहले ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक को निरीक्षक को सौंप दें। किसी परीक्षार्थी द्वारा ऐसा न करने पर उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालय उसके खिलाफ आगे कार्यवाही कर सकता है।
6. सभी रफ कार्य प्रश्नपत्र पर ही करना है, किसी अन्य कागज पर नहीं। स्क्रैप पेपर की अनुमति नहीं है। उत्तर देते समय आप उत्तर-पुस्तिका में ही हाशिये का प्रयोग कर सकते हैं, कुछ निशान लगा सकते हैं या रेखांकित कर सकते हैं।
7. विश्वविद्यालय को यह अधिकार है कि किसी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित व्यवहार या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उसके परिणाम को रद्द कर दे। विश्वविद्यालय को भी चाहिए कि वह सभी परीक्षार्थियों के अंकों की जाँच एकसमान रूप से करे। यदि कहीं से ऐसा दिखाई देता है कि आपका निष्पादन उचित नहीं है, तो विश्वविद्यालय आपके परिणाम रद्द कर सकता है।

## ओ. एम. आर. उत्तर–पत्रक (परीक्षा उत्तर पत्रक) पर सूचना कैसे भरें

1. 9 अंकों में अपना पूर्ण अनुक्रमांक लिखें। यह अनुक्रमांक ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आपके द्वारा डाले गए अनुक्रमांक से मिलना चाहिए। दिए गए स्थान में अपना सही नाम, पता भी पिन कोड सहित लिखिए। ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर तिथि सहित अपने हस्ताक्षर कीजिए। यह सुनिश्चित कर लें कि आपके परीक्षा कक्ष में निरीक्षक ने भी दी गई जगह पर तिथि सहित ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।
2. ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर परीक्षार्थी का विवरण नीले/काले बाल पेन द्वारा भरा जाना चाहिए। अनुक्रमांक व परीक्षा केंद्र कूट लिखने व साथ ही प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर-संख्या वाले गोले को काला करने के लिए भी नीले/काले बाल पेन का प्रयोग करें।
3. इस पत्रक पर कोई अवांछित निशान न लगायें।
4. अनुक्रमांक तथा परीक्षा केंद्र कूट स्तंभ में सही सूचना अंकों में लिखें। संगत गोले को पूर्णत: गहरा करें तथा पूर्ण रूप से भरें।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर हैं जिन्हें (1), (2), (3) व (4) द्वारा दर्शाया गया है। आपको इनमें से सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनकर दर्शाना है। सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनकर नीले/काले बाल पेन से प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर वाले गोले को काला करें। यदि आपको लगे कि प्रश्न के नीचे दिए हुए चार विकल्पों में से कोई सही नहीं है, आप गोले को '0' सहित काला करें।
6. एक से अधिक उत्तर होने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। इसलिए सर्वाधिक उचित उत्तर को ही चुनें।
7. एक प्रश्न पर अधिक समय मत खर्च कीजिए। यदि आपको कोई प्रश्न कठिन लग रहा हो, तो उसे छोड़कर अगले प्रश्न को हल करने का प्रयास कीजिए। बाद में समय बचने पर उस छोड़े हुए प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।
8. गलत उत्तरों हेतु कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।

1. 'मार्क 21' किसकी देन है ?

(1) इफ्ला
(2) लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस
(3) ए. एल. ए.
(4) यूनेस्को

2. सी. सी. का सातवाँ संस्करण ...................... वर्गीकरण योजना है।

(1) विशुद्ध परिगणनात्मक
(2) अंशत: परिगणनात्मक
(3) अपरिवर्तनीय पक्षात्मक
(4) मुक्त पक्षात्मक वैश्लेषी–संश्लेषात्मक

3. यू. डी. सी. का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) यूनाइटेड डेसीमल क्लासिफिकेशन
(2) अनडिवाइडेड डेसीमल क्लासिफिकेशन
(3) यूनियन डेसीमल क्लासिफिकेशन
(4) यूनिवर्सल डेसीमल क्लासिफिकेशन

4. आप डी. डी. सी 19वें संस्करण का उपयोग करके 'एक्स–रे स्पेक्ट्रा' विषय को कहाँ वर्गीकृत करेंगे ?

(1) भौतिक विज्ञान
(2) कम्प्यूटर विज्ञान
(3) पुस्तकालय विज्ञान
(4) रसायन विज्ञान

5. आप डी. डी. सी 19वें संस्करण का उपयोग करके 'इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर' विषय को कहाँ वर्गीकृत करेंगे ?

(1) अभियांत्रिकी
(2) रसायन विज्ञान
(3) भौतिक विज्ञान
(4) वनस्पति विज्ञान

6. दुर्व्यवस्था में ................ को लाने की प्रक्रिया वर्गीकरण है।

(1) गति
(2) ऊर्जा
(3) क्रम
(4) अव्यवस्था

7. डी. डी. सी. पद्धति के विषय में कौन–सा सही नहीं है ?

(A) यह वर्गीकरण की एक वैश्लेषी–संश्लेषणात्मक योजना है।

(B) इसका हिन्दी में अनुवाद किया गया है।

(C) इसे भारत से प्रकाशित किया गया है।

(D) यह एस. आर. रंगनाथन द्वारा अभिकल्पित किया गया है।

**कूट :**

(1) (A), (B)  (2) (B), (C)

(3) (B), (D)  (4) (A), (C)

8. निम्नलिखित में से कौन–सा पुस्तकालय प्रसूची के विषय में सही है ?

(A) यह पुस्तकालय सामग्री सूची के रूप में कार्य करती है।

(B) किसी प्रलेख को उसके विवरण से पहचानने में सहायक है।

(C) पुस्तकालय में प्रलेख की अवस्थिति प्रदान करती है।

(D) समस्त पुस्तकालयों में प्रत्येक उपयोक्ता को मुद्रित प्रसूची की प्रति प्रदान की जाती है।

**कूट :**

(1) (A), (B), (C) और (D)  (2) केवल (B), (C) और (D)

(3) केवल (A), (B) और (D)  (4) केवल (A), (B) और (C)

9. आई. एस. बी. डी. के अनुसार किसी प्रलेख के विवरण में कितने भाग होते हैं ?

(1) छः  (2) सात

(3) आठ  (4) दस

10. निम्नलिखित में से निगमित लेखक का कौन–सा उदाहरण है ?

(A) एक से अधिक व्यक्तिगत लेखक

(B) सम्मेलनों, सेमिनारों एवं संगोष्ठियों की कार्यवाही

(C) समाज

(D) संस्थान

**कूट :**

(1) केवल (A) और (B)

(2) (A), (B) और (C)

(3) (B), (C) और (D)

(4) केवल (A) और (C)

11. मुख्य आख्या और उप–आख्या के बीच कौन–सा विराम चिह्न होता है ?

(1) कोलन

(2) अल्पविराम

(3) सेमीकोलन

(4) तिरछी रेखा

12. आह्वान संख्या में तीन भाग होते हैं अर्थात् वर्ग संख्या, पुस्तक संख्या और .............. ।

(1) परिग्रहण संख्या

(2) संग्रह संख्या

(3) लेखक

(4) वर्ष

13. द्विबिन्दु वर्गीकरण का पहला संस्करण कब प्रकाशित हुआ था ?

(1) 1933

(2) 1934

(3) 1939

(4) 1941

14. निम्नलिखित में से किसने 'यू. डी. सी.' को विकसित किया है ?

(1) जे. डी. ब्राउन

(2) हेनरी लॉ फॉन्टेन और पॉल ऑटलेट

(3) फ्रेमोंट राइडर

(4) एच. ई. ब्लिस

15. डी. डी. सी. ................ वर्गीकरण पद्धति है।

(1) पक्षात्मक

(2) लगभग पक्षात्मक

(3) परिगणनात्मक

(4) लगभग परिगणनात्मक

16. निम्नलिखित में से कौन–सा प्रसूची का बाह्य/भौतिक स्वरूप है ?

(1) लेखक प्रसूची (2) आख्या प्रसूची

(3) वर्गीकृत प्रसूची (4) पत्रक प्रसूची

17. ए. ए. सी. आर.–2 आर. का प्रथम विवरण किसी प्रलेख के बारे में .............. सूचना प्रदान करता है।

(1) अधिकतम (2) न्यूनतम

(3) औसत (4) आधी

18. निम्नलिखित में से कौन–सी प्रविष्टि को वर्गीकृत प्रसूची के वर्गीकृत भाग में फाइल किया जाता है ?

(A) पुस्तक अनुक्रमणिका प्रविष्टि (B) वर्ग अनुक्रमणिका प्रविष्टि

(C) मुख्य प्रविष्टि (D) प्रति सन्दर्भ प्रविष्टि

**कूट :**

(1) (A), (B) (2) (B), (C)

(3) (C), (D) (4) (A), (D)

19. निम्नलिखित अनुभागों को शब्दकोशीय प्रसूची की प्रमुख प्रविष्टि के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) आह्वान संख्या अनुभाग (B) संकेतन अनुच्छेद (अनुभाग)

(C) शीर्षक अनुच्छेद (अनुभाग) (D) टिप्पणी अनुच्छेद (अनुभाग)

**कूट :**

(1) (A), (C), (D), (B) (2) (A), (B), (C), (D)

(3) (A), (D), (C), (B) (4) (A), (B), (D), (C)

20. सम्मेलन कार्यवाही की मुख्य प्रविष्टि को किसके अन्तर्गत बनाया जाता है ?

(1) सम्मेलन सम्पादक (2) सम्मेलन नाम

(3) सम्मेलन स्थान (4) संगठक नाम

21. सी. सी. एफ. का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) कॉमन सर्कुलेशन फॉर्मेट (2) कमेटी फॉर कम्यूनिकेशन फॉर्मेट

(3) सेन्टर फॉर कम्यूनिकेशन फॉर्मेट (4) कॉमन कम्यूनिकेशन फॉर्मेट

22. ए. ए. सी. आर.–2 आर. के अनुसार निर्मित किसी प्रविष्टि की आह्वान संख्या को कहाँ लिखा जाता है ?

(1) पत्रक के ऊपरी बायें में कोने पर (2) पत्रक की पाँचवीं पंक्ति में

(3) पत्रक की दूसरी पंक्ति में (4) पत्रक के पृष्ठ भाग पर

23. निम्नलिखित में से कौन–सी वर्गीकरण पद्धति को वर्ष 1978 में अभिकल्पित किया गया था ?

(1) सी. सी. (2) बी. सी.

(3) ई. सी. (4) बी. एस. ओ.

24. डॉ. एस. आर. रंगनाथन द्वारा स्मृति सहायक के कितने प्रकार दिए गए हैं ?

(1) दो (2) तीन

(3) चार (4) पाँच

25. यू. डी. सी. में किस प्रकार का अंकन प्रयुक्त होता है ?

(1) मिश्रित (2) शुद्ध

(3) कठोर (अनन्य) (4) पक्षात्मक

26. 'एक्सपेंसिव क्लासिफिकेशन' किस वर्ष अभिकल्पित की गई थी ?

(1) 1902 (2) 1876

(3) 1879 (4) 1962

27. डी. डी. सी. 21वाँ संस्करण .................. में है।

(1) दो खण्डों (2) तीन खण्डों

(3) चार खण्डों (4) पाँच खण्डों

28. 'बिब्लियोग्राफिक क्लासिफिकेशन' किसके द्वारा अभिकल्पित किया गया था ?

(1) एच. ई. ब्लिस (2) फ्रेमोंट राइडर

(3) जे. डी. ब्राउन (4) पॉल ओटलेट

29. पूर्ण सौन्दर्यशास्त्रीय भाव व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित में से किन अभिलक्षणों द्वारा आप किसी पुस्तकालय में पुस्तकों को वर्गीकृत करना पसन्द करेंगे ?

(A) लेखक (B) आख्या

(C) रंग (D) आमाप

**कूट :**

(1) (A), (B) (2) (A), (C)

(3) (B), (D) (4) (C), (D)

30. किसी पुस्तकालय में इतिहास विषय की पुस्तकों को वर्गीकृत करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-कौन-से अभिलक्षणों को प्रयुक्त किया जा सकता है ?

(A) देश (B) प्रकाशक

(C) कालावधि (D) जिल्दसाजी

**कूट :**

(1) (A), (B), (C) और (D) (2) (B), (C) और (D)

(3) (A), (C) (4) (B), (C)

31. किसी पुस्तकालय में शिक्षाशास्त्र विषय की पुस्तकों को वर्गीकृत करने हेतु निम्नलिखित में से किन अभिलक्षणों का प्रयोग किया जा सकता है ?

(A) शिक्षा का स्तर (B) पाठ्यचर्या

(C) शैक्षिक पुस्तकालय (D) पुस्तक का स्वरूप

**कूट :**

(1) (A), (B) (2) (B), (C)

(3) (B), (D) (4) (A), (D)

32. एकक पत्रक प्रणाली में :

(1) मुख्य प्रविष्टि में वर्णित पुस्तक विवरण को इतर प्रविष्टियों में पुनरावर्तित किया जाता है।

(2) किसी पुस्तक हेतु मात्र एक पत्रक का निर्माण किया जाता है।

(3) पुस्तक हेतु मात्र एक इतर प्रविष्टि का निर्माण किया जाता है।

(4) पुस्तक हेतु मात्र एक ग्रंथपरक तत्व दिया जाता है।

33. ए. ए. सी. आर.-2 आर. शीर्षकों के अनुरूप किसी प्रविष्टि को किन से निर्मित किया जा सकता है ?

(A) लेखक (B) नियमित निकाय

(C) ग्रंथमाला (D) आख्या

**कूट :**

(1) (A), (C) (2) (B), (D), (C)

(3) (A), (B), (C) (4) (A), (B), (D)

34. 'सूचना पुन:प्राप्ति' शब्द किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था ?

(1) केल्विन मूर्स (2) एच. पी. लुहन

(3) ए. सी. फॉस्केट (4) डी. ए. केम्प

35. वर्गीकृत प्रसूची में कितने भाग होते हैं ?

(1) दो (2) तीन

(3) चार (4) पाँच

36. सी. सी. का पहला संस्करण कब दिया गया था ?

(1) 1920 (2) 1924

(3) 1933 (4) 1934

37. 'रूल्स फॉर ए डिक्शनरी कैटालॉग' का पहला संस्करण कब प्रकाशित हुआ था ?

(1) 1876 (2) 1877

(3) 1878 (4) 1879

38. 'प्रकाशन पूर्व प्रसूचीकरण' को किस नाम से जाना जाता है ?

(1) चयनित प्रसूचीकरण (2) विवरणात्मक प्रसूचीकरण

(3) प्रकाशनाधीन प्रसूचीकरण (4) तुलनात्मक प्रसूचीकरण

39. 'स्मरण मूल्य उपसूत्र' किसने प्रतिपादित किया है ?

(1) सी. ए. कटर (2) डब्ल्यू. सी. बी. सेयर्स

(3) सी. भट्टाचार्य (4) एस. आर. रंगनाथन

40. 'सुनियोजित अनुक्रमणीकरण' की अवधारणा किसके द्वारा प्रतिपादित की गयी है ?

(1) जे. ई. एल. फर्राडेन (2) ई. जे. कोट्स

(3) एच. पी. लुहन (4) जे. कैसर

41. 'रोजेट्स थिसारस ऑफ इंग्लिश वर्ड्स एण्ड फ्रजेज' का पहला संस्करण किस वर्ष प्रकाशित हुआ था ?

(1) 1852 (2) 1876

(3) 1880 (4) 1888

42. 'लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस सब्जेक्ट हैडिंग्स' का पहला संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?

(1) 1876 (2) 1878

(3) 1898 (4) 1923

43. 'सियर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स' किसके द्वारा प्रकाशित होती है ?

(1) एच. डब्ल्यू. विल्सन (2) ओ. सी. एल. सी.

(3) आर. आर. बॉकेर (4) मिन्नी अर्ल सियर्स

44. ए. सी. आर–2 आर. में, आई. एस. बी. एन. दिया जाता है :

(1) आख्या के बाद (2) शृंखला नाम के बाद

(3) टिप्पणी क्षेत्र के बाद (4) संकेतन अनुच्छेद में

45. आई. एस. बी. डी. का निर्माण किसके द्वारा किया गया है ?

(1) ए. एल. ए. (2) इफ्ला

(3) एल. ए. (4) यूनेस्को

46. 'एंथोनी पैनिजी के प्रसिद्ध 91 नियम' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ था ?

(1) 1841 (2) 1842

(3) 1876 (4) 1877

47. 'रूल्स फॉर ए डिक्शनरी कैटालॉग' किसके द्वारा प्रकल्पित किया गया था ?

(1) एंथोनी पनिजी (2) सी. ए. कटर

(3) डेरेक ऑस्टिन (4) यूजीन गॉरफील्ड

48. 'वर्ग निर्देशी संलेख' निम्नलिखित में से किस कोड में तैयार किया जाता है ?

(1) सी. सी. सी. (2) ए. ए. सी. आर.–2

(3) ए. एल. ए. कोड (4) मार्क (MARC)

49. डी. डी. सी. 23वें संस्करण में सापेक्षिक अनुक्रमणिका किस खण्ड में है ?

(1) खण्ड 1 (2) खण्ड 2

(3) खण्ड 3 (4) खण्ड 4

50. अन्तर्राष्ट्रीय प्रसूचीकरण नियम सम्मेलन (पेरिस) किस वर्ष आयोजित किया गया था ?

(1) 1950 (2) 1955

(3) 1961 (4) 1975

## Rough Work